# प्रधानमंत्री ने राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के **बरसिंगसर में NLC (नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) इंडिया लिमिटेड की 300 मेगावाट की** सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी।

- NLC इंडिया कोयला मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है।

## मुख्य बिंदु:

- **NLC इंडिया की सौर परियोजना की कुल लागत 1,756 करोड़ रुपए अनुमानित है** और इसे सितंबर 2024 में चालू किया जाना है।
- यह परियोजना रणनीतिक रूप से मौजूदा **बरसिंगसर थर्मल पावर स्टेशन के पास स्थित है** जो मौजूदा नेटवर्क और सामान्य बुनियादी सुविधाओं के उपयोग के माध्यम से ऊर्जा निकासी में लाभ प्रदान करता है।
  - यह परियोजना न केवल क्षेत्र को हरित और सस्ती ऊर्जा देगी बल्कि युवाओं को रोज़गार के बेहतरीन अवसर भी प्रदान करेगी।

## नवरत्न कंपनी

- **केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSE)** को 3 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- **महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न।**
  - वर्ष 2023 तक, 13 महारत्न, 16 नवरत्न और 68 मिनीरत्न CPSE हैं।
- भारत में **नवरत्न कंपनियाँ** CPSE का एक समूह है जिसने वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करने के लिये वित्तीय स्वायत्तता और लचीलेपन को बढ़ाया है। उन्हें कुछ विशेषाधिकार दिये गए हैं, **जैसे स्पष्ट सरकारी मंज़ूरी के बिना 1,000 करोड़ रुपए तक का निवेश।**
- नवरत्न का दर्जा **पहली बार वर्ष 1997** में पेश किया गया था।
  - नवरत्न का दर्जा हासिल करने के लिये एक फर्म को शुरू में **मिनीरत्न का दर्जा प्राप्त होना चाहिये**, साथ ही छह **प्रदर्शन मानदंडों के अनुसार 60 या उससे अधिक (100 में से)** का स्कोर प्राप्त होना चाहिये, जिसमें मैट्रिक्स जैसे नेट प्रॉफिट से लेकर नेट वर्थ, प्रति शेयर आय और अंतर-क्षेत्रीय प्रदर्शन शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-lays-foundation-stone-of-solar-power-plant-in-rajasthan